दिन—शुक्रवार दिनांक— 02 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में एक सौ ग्यारह रुपये की वृद्धि संबंधी मीडिया की खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण जारी किया है। मंत्रालय ने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमत बाज़ार तय करता है और यह अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क से जुड़ी हुई है।

———————————————————

उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत आज दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। वे कल पटना उच्च न्यायालय परिसर में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। साथ ही न्यायिक अधिकारियों के लिए विकसित किये गये प्रौद्योगिकी सक्षम, ईएसीआर न्याय का उद्‌घाटन करेंगे। प्रधान न्यायाधीश वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से गयाजी स्थित न्यायाधीश अतिथि गृह का उद्‌घाटन भी करेंगे।

———————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने प्रशासनिक और अर्ध—न्यायिक कार्यों में समानता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए दिशा—निर्देश जारी किये हैं। विभाग के प्रधान सचिव सी. के. अनिल ने इस संबंध में सभी समाहर्ता और राजस्व अधिकारियों को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि सभी राजस्व पदाधिकारी संविधान के अनुच्छेद चौदह और समता सिंद्धात का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे, ताकि एक जैसे मामलों में एक समान निर्णय हो सके। पत्र में कहा गया है कि भूमि विवाद, दाखिल—खारिज, जमाबंदी कायम करने, पट्‌टा देयता और अतिक्रमण हटाने से जुड़े मामले में एकरूप, निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई होनी चाहिए।

———————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो ने पटना के बिहटा स्थित सिकंदरपुर मेगा औद्योगिक पार्क के लिए अधिग्रहित जमीन के मुआवजा भुगतान में फर्जीवाड़ा करने के मामले में दस

अधिकारियों और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में किसानों से मिली शिकायत के आधार पर जांच की गई, जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, उन सभी पर पचपन लाख रुपये फर्जीवाड़े का आरोप है।

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंढ़ का सिलसिला जारी है। दिन मे धूप खिलने के बावजूद लोगों को कनकनी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। वहीं, राज्य के अधिकांश हिस्सों में सुबह के समय घना से अत्यंत घना कुहासा छाये रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पूर्वी चंपारण जिले के हरैया थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में प्रवेश कराने में सहयोग करने वाले एक भारतीय नागरिक की गिरफ्तारी हुई है। इनके पास से भारतीय, नेपाली, बांग्लादेशी और अमेरिकन मुद्रा बरामद की गयी है।

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के आदर्श नगर गांव में पुलिस ने नशे की सामाग्री और हथियारों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सुपौल जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र में व्यापारी के साथ पिछले दिनों हुई लूट—पाट की घटना के मामले में पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है।

मधेपुरा समाहरणालय परिसर में अट्ठाईस जनवरी से तीस जनवरी के बीच पासपोर्ट सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पासपोर्ट बनवाने के इच्छुक लोग शिविर में आवेदन कर सकते हैं।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।